CAMBRIDGE
International Education

# Cambridge International A Level

**HINDI** **9687/04**

Paper 4 Texts **October/November 2024**

MARK SCHEME

Maximum Mark: 75

**Published**

This mark scheme is published as an aid to teachers and candidates, to indicate the requirements of the examination. It shows the basis on which Examiners were instructed to award marks. It does not indicate the details of the discussions that took place at an Examiners' meeting before marking began, which would have considered the acceptability of alternative answers.

Mark schemes should be read in conjunction with the question paper and the Principal Examiner Report for Teachers.

Cambridge International will not enter into discussions about these mark schemes.

Cambridge International is publishing the mark schemes for the October/November 2024 series for most Cambridge IGCSE, Cambridge International A and AS Level components, and some Cambridge O Level components.

This document consists of **25** printed pages.

© Cambridge University Press & Assessment 2024

## Generic Marking Principles

These general marking principles must be applied by all examiners when marking candidate answers. They should be applied alongside the specific content of the mark scheme or generic level descriptions for a question. Each question paper and mark scheme will also comply with these marking principles.

| |
|---|
| GENERIC MARKING PRINCIPLE 1:<br><br>Marks must be awarded in line with:<br><br>• the specific content of the mark scheme or the generic level descriptors for the question<br>• the specific skills defined in the mark scheme or in the generic level descriptors for the question<br>• the standard of response required by a candidate as exemplified by the standardisation scripts. |
| GENERIC MARKING PRINCIPLE 2:<br><br>Marks awarded are always **whole marks** (not half marks, or other fractions). |
| GENERIC MARKING PRINCIPLE 3:<br><br>Marks must be awarded **positively**:<br><br>• marks are awarded for correct/valid answers, as defined in the mark scheme. However, credit is given for valid answers which go beyond the scope of the syllabus and mark scheme, referring to your Team Leader as appropriate<br>• marks are awarded when candidates clearly demonstrate what they know and can do<br>• marks are not deducted for errors<br>• marks are not deducted for omissions<br>• answers should only be judged on the quality of spelling, punctuation and grammar when these features are specifically assessed by the question as indicated by the mark scheme. The meaning, however, should be unambiguous. |
| GENERIC MARKING PRINCIPLE 4:<br><br>Rules must be applied consistently, e.g. in situations where candidates have not followed instructions or in the application of generic level descriptors. |
| GENERIC MARKING PRINCIPLE 5:<br><br>Marks should be awarded using the full range of marks defined in the mark scheme for the question (however; the use of the full mark range may be limited according to the quality of the candidate responses seen). |
| GENERIC MARKING PRINCIPLE 6:<br><br>Marks awarded are based solely on the requirements as defined in the mark scheme. Marks should not be awarded with grade thresholds or grade descriptors in mind. |

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

| Marks | Description |
|---|---|
| **22–25** | Exceptional work. Excellent ability to organise material, thorough knowledge, considerable sensitivity to language and to author's intentions, understanding of some literary techniques. Really articulate and intelligent answers should be considered in this band even if there are still flaws and omissions. |
| **20–21** | Very good. Close attention to detail of passages, controlled structure, perceptive use of illustration, good insight when discussing characters. Ability to look beyond the immediate material and to show some understanding of author's intentions and of underlying themes. |
| **18–19** | Thoroughly solid and relevant work. Candidate does not simply reproduce information: can discuss and evaluate material and come to clear conclusion. Good focus on passages. Some limitations of insight but coherent, detailed approach and aptly chosen illustrations. |
| **16–17** | Painstaking. Sound knowledge of texts; mainly relevant. Some attempt to analyse and compare, some sense of understanding. Possibly not in full control of material; solid but indiscriminate. Many very conscientious candidates fall into this category: they tend to write far too much as they are reluctant to leave out anything they have learnt. Focused, coherent essays which lack really solid detail but convey a good understanding of the text should also be considered for this band. |
| **14–15** | Fair relevance and knowledge. Better organised than work in the 12–13 band: the candidate probably understands the demands of the question without being able to develop a very thorough response. Still a fairly simple, black and white approach. Some narrative and 'learnt' material but better control and focus than work in the 12–13 band. Many candidates probably fall into this category. |
| **12–13** | Sound, if simple and superficial, knowledge of plot and characters. Makes assertions without being able to illustrate or develop points. Probably still too dependent on narrative and memorised oddments but there may be a visible attempt to relate these to the question. Can extract one or two relevant points from a set passage. |
| **10–11** | Some very basic material but not much sense of understanding or ability to answer the question. The candidate rarely reads the set passage but uses it as a springboard for storytelling and memorised bits and pieces about characters. Very general, unspecific approach. Random, bitty structure. Signs of organisation and relevance should be looked for in case the answer can be considered for a mark in the 12–13 band. |
| **6–9** | Marginally more knowledge here than in the 0–5 band. The candidate may have read the text but is probably unable to see beyond the barest bones of the plot or half-remembered notes. Insubstantial; very little relevance. The candidate may have problems with the language and will be unable to express ideas comprehensibly. |
| **0–5** | No discernible material. Often very inadequate language. Marks in this section are awarded almost on the basis of quantity: up to 3 for a sentence or two showing a glimpse of knowledge, 4 or 5 where there is also a hint of relevance to the question. It is possible for a candidate to write a whole page demonstrating no knowledge at all (have they read the book?), or only misunderstood background facts or very vague general remarks unrelated to either text or question. |

© Cambridge University Press & Assessment 2024 

**Indicative content**

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **<u>भाग 1</u>** | |
| 1 | **श्रीरामचरितमानस - तुलसीदास और सूरसागर सार - सूरदास** | |
| 1(a) | प्रस्तुत पद 'श्रीरामचरितमानस' के 'बालकाण्ड' से उद्धृत है। महाकवि तुलसीदास का नाम हिंदी साहित्य में सगुणोपासक भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है। तुलसीदास राम भक्त पहले और महाकवि बाद में हैं। श्रीरामचरित मानस की रचना का प्रमुख उद्देश्य भगवान श्रीराम का मनुष्य रूप में अवतार लेकर दुष्टों का दमन, साधुओं का परित्राण और धर्म की स्थापना करना है। राम-कथा में इस उद्देश्य की पूर्ति रावण के वध, विभीषण के राज्याभिषेक और राम, सीता, लक्ष्मण तथा हनुमान के अयोध्या लौटने पर राम के राज्यारोहण से हुई।<br>बालकाण्ड के प्रारंभ में तुलसीदास ने रामकथा के महत्व का वर्णन करते हुए उसको कलियुग में समस्त मनोरथ पूर्ण करने वाला मानकर 'नाम' की महिमा की प्रशस्ति की है।<br>प्रस्तुत पदों में तुलसीदास नानाप्रकार के उदाहरणों द्वारा नाम स्मरण की श्रेष्ठता प्रतिपादित करते हैं। राम ने भक्तों के हित के लिए मनुष्य शरीर धारण करके स्वयं कष्ट सहकर साधुओं को सुखी किया, लेकिन भक्तगण प्रेम सहित 'राम' नाम का जाप करते हुए सहज ही में आनंद और कल्याणमय हो जाते हैं। यही कारण है कि वैष्णव भक्ति में नाम जपने का अत्यधिक महत्व है। श्री राम ने तो केवल एक तपस्वी स्त्री, अहिल्या का ही उद्धार किया, किंतु नाम स्मरण द्वारा करोड़ों दुष्टों की दुर्बुद्धि में सुधार हुआ है। अर्थात नाम का सकारात्मक प्रभाव असीम है। श्रीराम ने विश्वामित्र के यज्ञ को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए सुकेतु यक्ष की कन्या ताड़का की सेना और पुत्र सुबाहु का विनाश किया, किंतु नाम का जाप करने से भक्तों के समस्त दोष, दुख और चिंताएँ इस तरह से नष्ट हो जाते हैं जैसे सूर्य के उदय होने से रात्रि का अंधकार। श्री राम जी ने तो शिवजी का धनुष भंग किया, किंतु नाम का प्रभाव समस्त भय का विनाश कर देता है। प्रभु श्रीराम ने दंडक वन को सुहावना बना दिया - उनकी उपस्थिति से जंगल में भी मंगल हो जाता है, यह उनकी महिमा का प्रमाण है, लेकिन उनके नाम की महिमा उससे भी कहीं अधिक है क्योंकि उनके नाम का जाप करने से असंख्य मनुष्यों के मन पवित्र हो जाते हैं। आगे चलकर तुलसीदास जी नामजाप के चमत्कार का बखान करते हुए कहते हैं कि श्रीराम ने राक्षसों के समूह को मारा, पर उनके नाम के प्रताप से कलियुग के सारे पाप जड़सहित विनष्ट हो जाते हैं। श्रीराम ने तो शबरी, जटायु आदि उत्तम सेवकों को ही मुक्ति दी, परंतु नाम का जाप करने से अगणित दुष्टों का उद्धार हुआ। नाम की महिमा वेदों में प्रसिद्ध है। अन्यत्र भी तुलसीदास जी कहते हैं: | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | ‘रामनाम मनि दीप धरु जीह देहरी द्वार<br>तुलसी भीतर बाहरेहु जौं चाहसि उजियार्।’<br>प्रस्तुत उद्धरण में अवधि भाषा का प्रांजल स्वरूप दर्शनीय है।<br>महाकवि सूरदास का नाम हिंदी साहित्य में भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है। वे महाकवि तो थे ही, पर कवि होने से पूर्व वे भक्त थे। सूरदास ने श्री वल्लभाचार्य जी से दीक्षा ली थी। वल्लभाचार्य पुष्टिमार्गी थे। अत: सूरदास पर पुष्टिमार्ग का प्रभाव अनिवार्य रूप से पड़ा था। पुष्टिमार्ग के अनुसार कृष्ण का अनुग्रह ही पुष्टि है। कृष्ण उपास्य देव और परमब्रह्म परमेश्वर है जो अवतार लेता है और अपने भक्तों को प्रसन्न करता है। इस प्रकार एक ओर तो वह अक्षर पारब्रह्म है और दूसरी ओर भक्तवत्सल मानुष-रूपधारी एवं लीला-बिहारी कृष्ण है।<br>वल्लभाचार्य से दीक्षा लेने से पहले सूरदास विनय और दैन्यभाव के पद लिखते थे, इन पदों में दैन्य, दास्य भावना, भक्तवत्सलता और समर्पण की भावना है।<br>'प्रभु मैं पतितन को टीकौ।<br>और पतित सब दिवस चारि के हौं तो जनमत ही कौ।'<br>वल्लभाचार्य से दीक्षा लेने और उनके कथन, 'सूर होके घिघियात क्यों हौ?' के पश्चात कृष्ण के प्रति उनकी अनन्य भक्ति<br>'मेरौ मन अनत कहाँ सुख पावै।<br>जैसे उड़ि जहाज कौ पंछी फिर जहाज पै आवे।' द्वारा व्यक्त हुई।<br>सूरदास यह मानते थे कि कृष्ण निर्गुण, अद्वैत और गुणातीत है। किंतु यह जानते हुए भी उन्होंने भगवान के सगुण रूप की उपासना को ही श्रेय दिया क्योंकि;<br>'अबिगत-गति कछु कहत न आवै।<br>ज्यौं गूँगैं मीठे फल कौ रस अंतरगत हीं भावै।<br>मन-बानी कौं अगम-अगोचर, सो जाने जो पावै।<br>सब विधि अगम बिचारहिं तातैं सूर सगुन-पद गावै।'<br>सूरदास के प्रारम्भिक पदों में दास्य भाव की प्रधानता है। इसके अतिरिक्त सूरसागर में सख्य भाव की भक्ति के प्रचुर उदाहरण मिलते हैं। सख्य भाव की भक्ति में साधक अपने इष्टदेव के साथ सानिध्य स्थापित कर लेता है। अपनी सख्यभाव की भक्ति को सूरदास ने दो प्रकार से व्यक्त किया है। प्रथम ग्वाल बाल के प्रसंगों में, जहाँ श्रीकृष्ण ग्वाल बालों के साथ क्रीड़ा करते हैं, माखन चुराते हैं और ‘खेलत में को काको गुसैयाँ’ द्वारा ग्वाल बालों से बराबरी का संबध रखते हैं।<br>दास्य और सख्य भाव की भक्ति के अतिरिक्त सूरदास ने कृष्ण के प्रति वात्सल्य और माधुर्य भाव की भक्ति-भावना भी प्रदर्शित की है। नंद और यशोदा के माध्यम से कृष्ण के प्रति वात्सल्य भाव के अद्वितीय पद रचे हैं। ‘यशोदा हरि पालने झुलावै, हलरावै, दुलरावै, मल्हावै, जोइ सोइ कछु गावै’ ‘मैया मैं नहिं माखन खायौ’ आदि पदों में सूरदास की तल्लीनता अनुपम है जिसके लिए आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने लिखा कि वे वात्सल्य रस का कोना-कोना झाँक आए हैं। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | राधा-कृष्ण और गोपियों के प्रसंग में माधुर्य भाव की भक्ति की पराकाष्ठा दर्शनीय है। ‘जब मोहन मुरली अधर धरी’ और रास लीला के वर्णन, ‘मानो माई घन-घन अंतर दामिनी’ आदि माधुर्य रस से ओतप्रोत पद हैं। कृष्ण के मथुरा गमन के बाद गोपियों के विरह और उद्धव गोपी संवाद में श्रृंगार रस के अंतर्गत विरह के साथ निर्गुण भक्ति का खंडन और सगुण भक्ति की प्रतिष्ठा सूर की भक्तिभावना का सार है। निर्गुण साधना को अगम्य जानकर सूरदास ने सगुण भक्ति की प्रतिष्ठा गोपी-उद्धव प्रसंग द्वारा की है। श्रीकृष्ण के विरह में व्याकुल गोपियों को निर्गुण ब्रह्म की उपासना का संदेश देने के लिए उद्धव को ब्रज भेजने में कृष्ण का उद्देश्य निर्गुण साधना की दुर्गमता और सगुणोपासना की सहजता की प्रतिष्ठा करना हैं। गोपियाँ उद्धव से पूछती हैं,<br>'निर्गुण कौन देस को बासी?<br>मधुकर हँसि समुझाव, सौंह दै, बूझति साँच न हाँसी।'<br><br>वे कभी 'लरिकाई कौ प्रेम कहो सखि कैसे छूटे' कहकर कृष्ण को भुलाने में अपनी विवशता व्यक्त करती हैं और कभी 'एक हुतौं सो गयौ स्याम संग को आराधै ईस?' कह कर उद्धव के सम्मुख निराकार ब्रह्म की साधना करने में अपनी असमर्थता व्यक्त करती हैं। साथ ही वे ज्ञान-मार्ग का उपहास भी करती हैं: 'अंग भस्म करी सीस जटा धरि, सिखवत निरगुन फीकौ।'<br>सूरसागर में शांत, वात्सल्य और श्रृंगार रस के संयोग और वियोग पक्ष का उत्कर्ष देखने को मिलता है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2 | **प्रसाद, निराला, महादेवी, पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ** | |
| 2(a) | प्रस्तुत गीत छायावाद की प्रमुख कवयित्री, महादेवी वर्मा द्वारा रचित है। प्रकृति के प्रति गहरी आत्मीयता का संबंध छायावादी कवियों की विशेषता है। प्रकृति के प्रति छायावादी दृष्टि कौतूहल और रागात्मकता से भरी रही। महादेवी ने प्रकृति के हर स्वरूप में सौंदर्य के दर्शन किए हैं और उसका उपयोग अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए किया। वे प्रकृति में विराट सत्ता के दर्शन और उसके साथ रहस्यात्मक, रागात्मक संबंध स्थापित करती हैं। उनका मानना है, 'छायावाद ने मनुष्य के हृदय और प्रकृति के उस संबंध में प्राण डाल दिए, जो प्राचीन काल से बिम्ब-प्रतिबिम्ब के रूप में चला आ रहा था और जिसके कारण मनुष्य को अपने दुख में प्रकृति उदास और सुख में पुलकित जान पड़ती थी।'<br>प्रस्तुत गीत में महादेवी ने वसंत काल की रात्रि का चित्रांकन एक नायिका के रूपक द्वारा किया है। प्रकृति के मानवीकरण का यह गीत एक श्रेष्ठ उदाहरण है। वे रात्रि को सम्बोधित करते हुए कहती हैं कि वसंत की रात्रि, तुम धीरे-धीरे क्षितिज से उतर कर आओ। रूपक को आगे बढ़ाते हुए वे कहती हैं कि आकाश की कालिमा नायिका की केश राशि है और असंख्य तारे उसकी वेणी का अलंकरण कर रहे हैं। वसंतकालीन रात्रि का नया चंद्रमा नायिका के केश में लगे फूल की तरह सुशोभित है। चंद्रमा की किरणों का गोलाकार घेरा नायिका का कंगन है, रात्रि का अंधकार नायिका का घूँघट है। वसंत की रात्रि मानों अपनी प्रेमपूर्ण दृष्टि से ओसबिंदु रूपी मोती बिछा देगी। कवि रात्रि का आह्वान करती हुई कहती हैं कि हे रात्रि तुम अत्यंत प्रसन्न भाव से पुलकित होकर धरती पर आओ।<br>दूसरे पद में नायिका के श्रृंगार का रूपक है। जब नायिका मंद गति से चलती है तो उसके पैरों की पायल और करधनी की संगीतमय आवाज़ सुनाई देती है। वसंत ऋतु में हवा के झोंखे से गिरने वाले सूखे पत्तों की सरसराहट सुंदरी के पैरों की पायल की सुमधुर ध्वनि है और कमल के फूलों पर भ्रमरों के गुंजार उसकी करधनी की आवाज़ है। महादेवी ने प्रकृति में मानवीय गुणों का प्रक्षेपण कर वसंत की रात्रि का अभूतपूर्व चित्र अंकित किया है। वसंत ऋतु में नदी की धारा का आवेग मंद होता है, नायिका मानों अलसाई हुई मंद गति से आगे बढ़ती है। आकाश की चाँदनी उसकी कोमल मुस्कान की उज्वलता बिखेर रही है। वे रात्रि को सम्बोधित करती हुई कहती हैं कि तुम हँसते हुए धरती पर आओ।<br>मानवीकरण को आगे बढ़ाते हुए वे कहती हैं रात्रि रूपी नायिका की रोमावलि में स्वप्नों को आनंदित करने की क्षमता है। उसके हाथ में स्मृतियों का उपहार और मलय पर्वत से बहने वाली सुगंधित हवा उसका लहराता हुआ आँचल है। रात्रि के समय आकाश में धीरे-धीरे अंधकार होना नायिका का संकुचित भाव से अभिसार के लिए मंदगति से अग्रसर होना है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(a) | अंतिम पद में वसंत काल के सुहावने मौसम का चित्रण है जब हल्की सी ठंड शरीर में सिहरन पैदा करती है, और मंद हवा के चलने से नदी में तरंग उठती है, वसंत ऋतु में खिलने को व्याकुल फूल आदि का प्राकृतिक सौंदर्य मानव मन में उत्साह का संचार करता है। कवयित्री कहती हैं कि हे रात्रि तुम आनंद से सिहरती हुई आओ। अंतिम पंक्ति में रात्रि के आगमन और अभिसारिका के आगमन के पैरों की ध्वनि से धरती के आनंदित होने की कल्पना गीत में आए मानवीकरण के रूपक को सम्पूर्णता और चित्रात्मकता देता है। रात्रि का आगमन आनंददायक है। 'सुन प्रिय की पदचाप हो गई पुलकित यह अवनि' द्वारा महादेवी ने रात्रि रूपी अभिसारिका के आगमन से पृथ्वी रूपी नायक के आनंदित होने की कल्पना की है। पृथ्वी पर रात्रि का आगमन विश्रामजनित आनंद देता है।<br>प्रस्तुत गीत छायावाद की विशेषताएँ - प्रकृति का मानवीकरण, बिम्ब विधान, कल्पना की अतिशयता, विस्मय की भावना और माधुर्य गुण से ओतप्रोत चित्रात्मक भाषा का श्रेष्ठ उदाहरण है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | छायावाद के प्रमुख स्तम्भ, सुमित्रानंदन पंत प्रकृति और सौंदर्य के सुकुमार कवि के रूप में जाने जाते हैं। हिमालय की सुरम्य प्रकृति की गोद में अपना शैशव व्यतीत करने के कारण प्रकृति के सौंदर्य के प्रति उनके मन में एक नैसर्गिक आकर्षण और जुड़ाव उनकी समस्त रचनाओं में एक अंतर्धारा की भाँति विद्यमान है।<br>सुमित्रानन्दन पंत छायावाद के उन्नायक और प्रमुख कवि हैं। उनके काव्य विकास के कई स्तर हैं। अपने सुदीर्घ रचनाकाल में पंत ने एक लम्बी वैचारिक यात्रा की जिसका परिणाम उनकी कविताओं में भावपक्ष और कलापक्ष की विविधता के रूप में देखने को मिलते है।  उसमें प्रारंभिक कविताओं के सुरम्य प्रकृति चित्रण से परवर्ती कविता के मानवतावाद और अरविंद दर्शन तक की वैचारिकता और दार्शनिकता की यात्रा है। उसके साथ ही अभिव्यक्ति के स्तर पर छायावाद की प्रांजल भाषा और अलंकार विधान की अंतर्धारा उन्हें छायावाद युग के प्रमुख कवि के रूप में प्रतिष्ठित करती है। वस्तुत; पंत की कविता अपने भीतर छिपे सत्य का उद्घाटन या केवल बाह्य जगत का यथावत वर्णन ही नहीं है, वह स्वयं कवि के अंत:विकास और उन्नयन को रूप देने वाली कला है। वे छायावाद युग के सर्वाधिक प्रगतिशील कवि हैं।<br>पंत जी के रचनाकाल का विस्तार सात वर्ष की आयु से शुरू होकर, जब उन्होंने चौथी कक्षा में पढ़ते समय अपना प्रथम छंद लिखा था, सात दशकों की संवेदना और चिंतन को समेटा हुआ है। इस लम्बे रचनाकाल में कवि की संवेदना और बौद्धिकता में निरंतर विकास हुआ है। जीवन के अनुभव और देश की राजनीतिक स्थिति तथा बौद्धिक और दार्शनिक विचारधारा ने कवि की चेतना को सदैव विकसित किया है। पंत की रचनाओं में संवेदना की दृष्टि से निरंतर विकसनशीलता के दर्शन होते हैं। उनके काव्य विकास के कई स्तर हैं।  प्रारम्भिक कविताओं में प्रकृति के सुकुमार रूप की छवि दिखाई देती है। ‘पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश’ को शब्द, लय और ताल में बाँध कर छायावादी अभिव्यंजना शैली में लिखी गई कविताएँ उस काल की उत्कृष्ट निधि हैं। पर कवि का सजग मन निरंतर चिंतनशील रहा है और ‘पावस ऋतु थी पर्वत प्रदेश’ के मोह से उतरकर यथार्थ के धरातल पर आकर प्रगतिवादी विचारधारा को छायावाद की प्रांजल भाषा शैली में प्रस्तुत करने लगा। चेतना के विकास के तीसरे चरण में पंत पर अरविंद दर्शन की मुहर लग गई थी। उनकी साहित्यिक यात्रा के तीन पड़ाव हैं: छायावादी कविता काल, समाजवादी-प्रगतिशील रचनाकाल और अरविंद दर्शन से प्रभावित अध्यात्मवादी रचनाकाल।<br>सन १९०७ -१९२८ का काल पंत के कवि जीवन का प्रथम चरण है। इस अवधि में कवि ने प्रकृति के अंचल में रह कर कविता लिखी। प्रकृति का पल-पल परिवर्तित वेश उसे मुग्ध करता है। प्राकृतिक सौंदर्य के अभिभूत करने वाले चित्र और भाषा का माधुर्य तथा सौष्ठव पंत की कविता की विशेषता होने के साथ छायावादी कविता को भी परिभाषित करते हैं। इस चरण की रचनाओं में कवि प्रकृति के सुरम्य रूप के प्रति मंत्रमुग्ध है और उसका बिम्बविधान शब्दों की तूलिका से प्राकृतिक दृश्य का चित्रांकन करने में सक्षम है: | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | ‘‘पावस ऋतु थी पर्वत प्रदेश<br>पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश<br>मेखलाकार पर्वत अपार<br>अपने सहस्र दृग सुमन फाड़<br>अवलोक रहा है बार-बार<br>नीचे जल में निज महाकार<br>जिसके चरणों में पड़ा ताल<br>दर्पण सा फैला है विशाल।’’<br>काशी में अध्ययन करते समय कवि सरोजिनी नायडू, रबींद्रनाथ टैगोर, और अंग्रेज़ी के रोमांटिक कवियों की रचना से परिचित हुए विशेषकर रबींद्रनाथ से साक्षात्कार से प्रभावित होकर अंत:संकल्पित होकर काव्य रचना में लगे। इस काल में रची गई ‘उच्छ्‌वास’ और ‘ग्रंथि’ में वय:संधिक अतींद्रिय प्रेमभाव और अस्पष्ट आंतरिक आकुलता के स्वर मुखर हैं। यह काल ‘वीणा-पल्लव’ काल के नाम से अभिहित है। कहीं प्रकृति आलम्बन रूप में और कहीं मानसिक विषाद की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति के रूप मे चित्रांकित है:<br>"मेरा पावस ऋतु सा जीवन<br>मानस-सा उमड़ा अपार मन<br>गहरे धुंधले धुले साँवले<br>मेघों से मेरे भरे नयन!" में मानो कवि का विषाद-विदग्ध मन पावस ऋतु के उमड़ते बादलों के साथ बरस पड़ा है।<br>इसके बाद कवि के अंतर्मन का अकेलापन और काव्य साधना का नवीन पक्ष उद्‌घाटित होता है जो प्रकृति और मानव सौंदर्य के प्रति नवीन उन्मेष के साथ मानव के प्रति उसकी मंगल कामना और नवीन कला-चेतना की सूचना देता है। पशु-पक्षियों के साथ उस समय पंत ने ‘ज्योत्स्ना’ जैसे मन:कल्प की रचना की जो उनकी केंद्रीय रचना मानी जा सकती है। गाँधीवादी और मार्क्सवादी विचारधाराओं को लेकर कवि के अंतर्संघर्ष की गूँज ‘युगांत’ और ‘ग्राम्या’ में स्पष्ट सुनाई देती है:<br>"जीवन की क्षण धूलि रह सके जहाँ सुरक्षित<br>रक्त-मांस की इच्छाएँ जन की हों पूरित<br>-मनुज प्रेम से जहाँ रह सके,- मानव ईश्वर<br>और कौन सा स्वर्ग चाहिए तुझे धरा पर?"<br>इसके बाद ‘भारत छोड़ो’ आंदोलन के संत्रस्त वातावरण में पंत ने ‘लोकायन’ नामक एक व्यापक संस्कृति-पीठ की योजना बनाई। इस काल में कवि ने उदय शंकर के ‘कल्पना’ चित्र के लिए गीत लिखे और मद्रास-प्रवास के समय पहली बार अरविंद की दार्शनिक एवं साधनात्मक प्रवृत्तियों के सम्पर्क में आए। इस अवधि को कवि ने अपना ‘नवमानवता का स्वप्न काल’ कहा है। ‘स्वर्णधूलि’ से ‘उत्तरा’ तक के काव्य में कवि की अरविंदवादी चेतना के दर्शन होते हैं। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | अपनी कविता के विषय में पंत कहते हैं, 'मेरी काव्य-चेतना मुख्यत: नवीन संस्कृति की चेतना है, जिसमें आध्यात्मिकता और भौतिकता का नवीन मनुष्यत्व के धरातल पर संयोजन है।' वस्तुत: पंत का सम्पूर्ण कृतित्व हिंदी साहित्य की आधुनिक विकासशील चेतना का प्रतीक है। युगधर्म के भौतिक, सामाजिक और नैतिक पहलुओं के साथ पंत का काव्य आध्यात्मिक चेतना के सूत्र भी समानांतर लेकर चलता है। वस्तुत: पंत ने प्रकृति, नारी सौंदर्य और मानवजीवन को देखने की मध्यवर्गीय जीवनदृष्टि को परिष्कृत किया है। आधुनिक हिंदी कविता को भाषा सामर्थ्य तथा नयी छंद दृष्टि और माधुर्य प्रदान कर उन्होंने खड़ी बोली की अभिव्यंजना शक्ति का संवर्धन किया है, यह उनकी महती उपलब्धि है। | |

© Cambridge University Press & Assessment 2024

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3 | **साकेत: मैथिलीशरण गुप्त** | |
| 3(a) | प्रस्तुत काव्यांश मैथिलीशरण गुप्त की प्रसिद्ध रचना 'साकेत' के द्वितीय सर्ग से उद्धृत है। 'साकेत' की रचना करते समय गुप्त जी का मूल उद्देश्य महाकवि वाल्मीकि और तुलसीदास द्वारा उपेक्षिता उर्मिला के प्रति साहित्यिक न्याय करना था। उर्मिला का विरह 'साकेत' की सबसे महत्वपूर्ण घटना और उर्मिला-लक्ष्मण का संयोग-वियोग मुख्य कथा है।<br><br>द्वितीय सर्ग का आरम्भ राम के राज्याभिषेक की सूचना से होता है। दशरथ सहित तीनों रानियाँ आनंद मग्न हैं। चारों ओर मानों आम्रवन फूल रहा है। पर मंथरा की दृष्टि मानो खिले हुए फूल में कीट समान है। प्रस्तुत उद्धरण में कैकेयी-मंथरा संवाद द्वारा गुप्त जी ने रामचरित मानस के प्रसिद्ध प्रसंग को छंदबद्ध किया है जब दासी मंथरा कैकेयी के धवल मन में संदेह के बीज बोती है। कैकेयी प्रफुल्लित है, मंथरा को उदास देखकर उसकी उदासी का कारण पूछती है। उसके लिए यह कल्पनातीत है कि राम के राज्यारोहण जैसे सुख-संवाद को सुनकर कोई उदास कैसे हो सकता है। मंथरा के कहने पर कि आपको भी कोई सोच है क्या, कैकेयी का उत्तर, सोच इस बात का है कि भरत अपने ननिहाल में है और वह इस महोत्सव में सम्मिलित नहीं हो पाएगा, कैकेयी के निष्पाप मन का प्रमाण है। पर मंथरा उसके भोलेपन पर सिर पीट कर अशुभ का संकेत देती है। कैकेयी तब भी मंथरा की कूटबुद्धि और षड़यंत्र से अनभिज्ञ है। उसके लिए राम भी उसका अपना बेटा है और वह उसके भविष्य के लिए आनंदित है। पर मंथरा अपने षड़यंत्र का जाल बिछा कर कहती है कि राम तो तुम्हारा बेटा है, पर भरत क्या किसी और का बेटा है? तात्पर्य यह है कि भरत के बारे में तुम क्यों नहीं सोचती। कैकेयी के मन में तब भी राम और भरत के बीच कोई दुराव या भेद भाव नहीं यह सुनकर मंथरा अपनी साजिश को आगे बढ़ाकर अंतिम चाल चलती है कि यह भेद तो कल का सूर्योदय बताएगा जब कौशल्या राजमाता बनेगी और कैकेयी केवल अभिषेक की दर्शक मात्र होगी।<br>प्रस्तुत प्रसंग एक ओर कैकेयी के निष्पाप मन का अनुमोदन करता है दूसरी ओर मंथरा की छोटी बुद्धि का चित्रण करता है। गुप्त जी ने मंथरा के षड़्यंत्र और क्षुद्र विचार की तुलना सुंदर आम्रवन में खिले फूलों पर लगे कीटाणु से दी है जो समस्त फूलों को विनष्ट कर देता है। मंथरा के कथन ने रघुकुल के आनंद को ग्रस लिया जिसका अंत राम के बनवास, और दशरथ की मृत्यु से हुआ।<br>गुप्त जी की भाषा में प्रसाद गुण है। शब्द चयन वार्तालाप की सहजता के अनुरूप और छंद में प्रवाह इस अंश की विशेषता है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | ‘साकेत’ मैथिलीशरण गुप्त की कालजयी रचना है। गुप्त जी को उसको लिखने की प्रेरणा आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के उपेक्षिता उर्मिला विषयक लेख से मिली थी। उसके पहले कवि रबीन्द्रनाथ टैगोर ने बंगला साहित्य में रामकथा के अंतर्गत उर्मिला की उपेक्षा पर ख़ेद व्यक्त किया था। राम भक्त गुप्त जी ने वाल्मीकि और तुलसी की परम्परा से चली आई कथा को आधार बनाया, साथ ही उसमें अनेक मौलिक उद्भावनाएँ कीं जिनमें सबसे प्रधान बात यह है कि ‘साकेत’ में राम और सीता की कहानी प्रासंगिक और उर्मिला के त्याग की कहानी प्रमुख हो गई। वस्तुत: इसका प्रमुख उद्देश्य साहित्य में उर्मिला के प्रति की गई उपेक्षा का प्रतिकार करके उसको न्यायोचित प्रतिष्ठा प्रदान करना है। इसके पीछे गुप्त जी की नारी भावना है जिसके चलते उन्होंने उर्मिला के त्याग को महत्व और कैकेयी पर लगाए गए विमाता के कलुष को धोने की मौलिक उद्भावना की हैं।<br>‘साकेत’ का आरम्भ होता है उर्मिला-लक्ष्मण के वाग्विनोद से, जो राम के अभिषेक की सूचना देता है। अभिषेक, कैकेयी-मंथरा-संवाद, विदा-प्रसंग, निषाद-मिलन, दशरथ-मरण, भरत-आगमन, चित्रकूट-मिलाप तक के प्रसंग तो ‘साकेत’ में दृश्य रूप में प्रस्तुत किए गए हैं, परंतु इसके आगे जाकर कवि उर्मिला को छोड़कर राम के साथ नहीं जा सका। आगे की सारी घटनाएँ वशिष्ठ जी अपनी योग दृष्टि से साकेत-वासियों को दिखाते हैं। ‘साकेत’ में राम-कथा उसकी पृष्ठभूमि है, उर्मिला उसका केन्द्रीय पात्र और उर्मिला-विरह ही उसकी मुख्य संवेदना है! यही ‘साकेत’के शीर्षक की सार्थकता है।<br>प्रथम सर्ग में “कनक लतिका भी कमल सी कोमला” नवविवाहिता उर्मिला का परिचय देकर उसके वाग्वैधग्य की झलक लक्ष्मण- उर्मिला संवाद में चित्रित है। इसके उपरांत वियोग का हृदय-विदारक दृश्य आता है। दशरथ ने सत्य का आलम्बन लिया, कौशल्या ने मातृ आदर्श का पालन किया, सुमित्रा ने क्षत्राणी का कर्तव्य पालन किया, सीता ने सोचा, “स्वर्ग बनेगा अब वन में”, लक्ष्मण ने भी इस भय से कि, “प्रभुवर बाधा पाएंगे, छोड़ मुझे भी जावेंगे” कह दिया, “रहो रहो हे प्रिये रहो”, परंतु उर्मिला क्या सोचती? “वह भी सब कुछ जान गई, विवश भाव से मान गई” उसकी मौन विवशता जिसे तुलसीदास नहीं देख पाए, गुप्त जी ने उसकी संवेदना को सहानुभूति दी और यहीं से उर्मिला की महानता प्रारम्भ होती है। “हे मन, तू प्रिय-पथ का विघ्न न बन”, में उसका स्वार्थ त्याग भरा हो जाता है। लक्ष्मण अपने भाई के प्रति कर्तव्य पालन कर सकें यही उसकी मनोकामना है चाहे उसके लिए राजमहल में रहकर भी वनवास की यातना सहनी पड़े, “भ्रातृ-स्नेह सुधा बरसे” में उसकी उदात्त भावना व्यक्त है। सीता के शब्दों में “बहन उर्मिला महाव्रता” है उसके त्याग की महानता को सीता “सिद्ध करेगी वही यहाँ, जो मैं भी कर सकी कहाँ” कहकर स्वीकारती है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | लक्ष्मण के वियोग में उर्मिला अपनी ही छाया भर बन कर रह गई। पति का साथ न दे पाने का दु:ख उसे सालता है, पर उनके भ्रातृ-प्रेम में बाधा नहीं बनना चाहती उसके लिए तो इतना ही पर्याप्त है कि<br>"आराध्य युग्म के सोने पर<br>निस्तब्ध निशा के होने पर<br>तुम याद करोगे मुझे कभी,<br>तो बस फिर मैं पा चुकी सभी।"<br>उर्मिला के चरित्र की गरिमा का उदाहरण , वियोग में भी अधीर होने की जगह परिवार की मंगल कामना करना है। उसे कौशल्या, सुमित्रा आदि माताओं की स्थिति देखकर कष्ट होता है। वह अपनी स्थिति भूलकर उनके प्रति सहानुभूति प्रकट करती है। दशरथ के शब्दों में वह "रघुकुल की असहाय बहू" है। गुप्त जी के अनुसार उसके आँसू कैकेयी के लगाए कुल-कलंक को भी धोने की सामर्थ्य रखते हैं। उर्मिला स्वप्न में भी लक्ष्मण की तपस्या भंग नहीं करना चाहती। स्वप्न में उसे लौटा देखकर चौंक कर उसे वापस जाने को कहती है। कवि के शब्दों में "हुआ योग से भी अधिक, उसका विषम वियोग!" ऐसी विषम स्थिति में भी उसकी संवेदना अयोध्या की विरहिणी नारियों के प्रति है। उर्मिला की संवेदनशीलता का वर्णन करते हुए गुप्त जी ने दर्शाया है कि वह इस भय से मकड़ी के जाले नहीं हटाती कि मकड़ी को कष्ट होगा और पिंजरे में बंद पक्षियों को मुक्त करवाती है। वह परपीड़न की अपेक्षा आत्मपीड़न में विश्वास करती है।<br>गुप्त जी की उर्मिला पूरी तरह से मानवी है। उर्मिला वियोग में विह्वल होने के बावज़ूद आशावादी है, विरह वेदना उसे सजग और प्रिय के लौटने की प्रतीक्षा जीवित रखती है। विरह वेदना सहते समय उर्मिला अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्व को भी नहीं भूलती। घर-गृहस्थी के कर्तव्य, ललित कला में रुचि, खेती बारी आदि सांसारिक दायित्वों का पालन करने तथा अन्य विरहिणी स्त्रियों को सांत्वना देने आदि के प्रसंग उसके चरित्र के मानवीय पक्ष की गरिमा में वृद्धि करके एक उदात्त भारतीय नारी का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। गुप्त जी भारतीय संस्कृति के आख्याता हैं उर्मिला के रूप में उन्होंने भारतीय नारी के त्याग, आदर्श और आशावादिता को मूर्त किया है। उर्मिला निरंतर विरह-व्यथा सहती हुई भी निराश नहीं होती। वह जानती है कि यह अवधि एक दिन समाप्त होगी। यह सकारात्मक भावना उसकी बड़ी उपलब्धि और गुप्त जी के जीवन दर्शन का सार है।<br>साकेत में दूसरी मौलिक उद्भावना कैकेयी के प्रसंग में आई है। पुत्र-प्रेम से प्रेरित और दासी मंथरा से उकसाई जाने पर वह राम के लिए वनवास और भरत के लिए राज्य अवश्य मांगती है। तुलसी 'गई गिरा मति फेर' कहकर उसके अपराध का मार्जन नहीं करते, किंतु उसे आजन्म विमाता होने का कलंक वहन करने देने की अपेक्षा गुप्त जी ने उसको अपनी कुटिलता का पश्चाताप करने का अवसर दिया। पंचवटी में राम को | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | वापस अयोध्या ले जाने के लिए अयोध्यावासियों के साथ हुई सभा में तुलसीदास के राम कैकेयी को दोषी न मानते हुए उसके व्यवहार को ईश्वर-इच्छा मानकर कहते हैं, ‘अम्ब ईस आधीन जब काहु न देइय दोषु’ किंतु गुप्त जी कैकेयी को पश्चाताप की अग्नि में तपाकर पूरी तरह से दोषमुक्त करते हैं। भरत सहित अयोध्यावासियों की राम से भेंट करने के लिए राम की कुटिया के सामने रात्रि-सभा का आयोजन किया गया। राम के कथन, ‘हे भरतभद्र, अब कहो अभीप्सित अपना’, के उत्तर में भरत अत्यंत दुखी होकर उनसे अयोध्या लौट चलने की विनती करते हैं। भरत इन सबके लिए अपनी माँ को दोष देते हैं,<br>‘हा इसी अयश के लिए जनन था मेरा, निज जननी ही के हाथ हनन था मेरा।’<br><br>किंतु राम यह कहकर कि जिसे स्वयं जन्म देनेवाली माँ ही न समझ पाई उसके हृदय की गहराई को और कौन समझ सकेगा, भरत को सर्वथा निर्दोष मानते हैं। इस प्रसंग में गुप्त जी ने कैकेयी को अपने किए का पश्चाताप करने का अवसर दिया है। कैकेयी के निष्प्रभ रूप का चित्रण करके कवि उसके प्रति सहानुभूति जगाता है। कैकेयी जो सिंहनी थी आज गोमुखी गंगा बन गई। वह मानती है कि भरत को जन्म देकर भी वह उसे नहीं जान पाई और यदि<br>‘यह सच है तो फिर लौट चलो घर भैया<br>अपराधिन मैं हूँ तात, तुम्हारी मैया।’<br><br>कैकेयी का स्वयं को राम की मैया कहकर सम्बोधित करके राम के प्रति वात्सल्य भाव की प्रतीति कराना गुप्त जी की नारी भावना से प्रेरित है। कैकेयी आज गंगा के सदृश शांत, शीतल और पावन थी, कह कर गुप्त जी ने उसको पूर्णत: दोषमुक्त कर दिया। निष्कर्ष रूप में उर्मिला और कैकेयी के चरित्र चित्रण गुप्त जी की मौलिक कल्पना और उदात्त नारी-भावना का प्रतिफलन है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | **भाग 2** | |
| 4 | **स्कंदगुप्त: जयशंकर प्रसाद** | |
| 4(a) | स्कंदगुप्त की गणना जयशंकर प्रसाद के सर्वश्रेष्ठ ऐतिहासिक नाटक के रूप में की जाती है। यह नाटक इतिहास के उस काल का है जब बर्बर हूणों के आक्रमण और आंतरिक षड़यंत्रों के कारण गुप्त साम्राज्य जर्जर हो रहा था। सौराष्ट्र म्लेच्छों से आक्रांत और मालव पर गहरे संकट थे। अयोध्या से चिंताजनक समाचार आ रहे थे और मगध विलासिता में डूबा हुआ था। सम्राट कुमारगुप्त अपनी तरुणी पत्नी अनंतदेवी की महत्वाकांक्षा के सामने झुका हुआ था। ऐसी विषम स्थिति में राज्य का उत्तराधिकारी, स्कंदगुप्त अपने अधिकार के प्रति उदासीन और विरक्त दिखाई देता है। वृद्ध पर्णदत्त स्कंदगुप्त को अपना दायित्व समझाते हैं। पर्णदत्त का पुत्र और स्कंदगुप्त का मित्र, चक्रपालित कहता है कि स्कंदगुप्त की उदासीनता का कारण गुप्तकुल का अनिश्चित और अव्यवस्थित उत्तराधिकार नियम है। इस बीच मालवा का दूत महाराज विश्वकर्मा के देहांत और बंधुवर्मा के लिए सैनिक सहायता का आग्रह लेकर आता है। स्कंदगुप्त उसकी सहायता के लिए जाता है। मगध में गृहचक्र चल रहा है। एक ओर स्कंदगुप्त की माँ देवकी, कमला, पृथ्वीसेन आदि राजभक्त हैं, दूसरी ओर पुरगुप्त की माँ , अनंतदेवी, भटार्क, प्रपंचबुद्धि, शर्वनाग इत्यादि हैं। अनंतदेवी और उसके साथी महाराज कुमारगुप्त को अपने मार्ग से हटाने के प्रयत्न में सफल होते हैं। इस बीच सिंहल का राजकुमार, कुमारदास कश्मीर चला जाता है जहाँ उसकी भेंट मातृगुप्त (कवि कालिदास) से होती है। कुमारदास, मातृगुप्त और मुद्गल स्कंदगुप्त के पास अवंती जाने का निश्चय करते हैं। मूल स्थान पर हूण परास्त हो जाते हैं और हूण और शक बंदी बनाए गए। वहीं स्कंदगुप्त ने विजया को देखकर उसके प्रति आकर्षण अनुभव किया। विजया स्कंदगुप्त के प्रति अपने मनोभाव देवसेना को बताती है। यह सुनकर देवसेना स्कंदगुप्त के प्रति अपनी कोमल भावना दमित करती है। स्कंदगुप्त शर्वनाग द्वारा देवकी का वध होने से रोकता है। बंधुवर्मा मालव की रक्षा करने के बदले मालव का राज्य स्कंदगुप्त को सौंपना चाहता है। मालवपति बनकर स्कंदगुप्त शर्वनाग और भटार्क को क्षमादान कर भटार्क को महाबलाधिकृत घोषित करता है। विजया के महाबलाधिकृत भटार्क का वरण करने की घोषणा से स्कंदगुप्त निराश होता है। विजया देवसेना से ईर्ष्यावश उसकी बलि दिलवाने का षड़यंत्र करती है। देवसेना पर आघात होने से पहले स्कंदगुप्त और मातृगुप्त वहाँ पहुँच कर उसकी रक्षा करते हैं। देवसेना क्षणिक आवेश में आकर स्कंदगुप्त के प्रति अपने मनोभाव व्यक्त करती है। अंत में दूसरे हूण युद्ध में सफल होनेके साथ मगध की गृहकलह का अंत होता है। विजया अपने दुष्कर्मों का पश्चाताप आत्महत्या करके करती हैं। युद्ध से क्लांत स्कंदगुप्त अपने जीवन के शेष दिन देवसेना के साथ बिताने की याचना करता है। पर देवसेना अपने प्रेम और भाई बंधुवर्मा के बलिदान के बदले में मिलने वाले स्कंदगुप्त के प्रेम को अस्वीकार करती है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(a) | स्कंदगुप्त नाटक में भारतीय और पाश्चात्य नाट्यशास्त्र के सिद्धांतों का समंवय पाया जाता है। इसमें पाश्चात्य नाट्य शास्त्र के अनुसार संघर्ष और भारतीय नाट्य शास्त्र के अनुसार रस निष्पत्ति है। नाटक का कथानक पाँच अंकों में विभाजित है। प्रथम अंक में नायक का परिचय, और मूल समस्या का आभास मिलता है। दूसरे अंक में गृहकलह और हूणों के आक्रमण को दूर करने के प्रयास है। तीसरे अंक में चरम सीमा है, स्कंदगप्त विरोध, आशंका और कष्ट की चरम सीमा पर पहुँचता है। उसके शौर्य से विरोधियों के षड़यंत्र विफल होते हैं। चतुर्थ अंक में हूणों के रूप में विरोधियों की शक्ति प्रबल होने लगती है। पाँचवें अंक में विरोधी दल की समस्त शक्ति नष्ट होने से संघर्ष समाप्त होता है। खिंगल को बंदी बनाकर फिर कभी आर्यावर्त में न आने का वचन और पुरगुप्त को रक्त का टीका लगाकर राज्य सौंपने से गृहकलह की समाप्ति होती है। प्रसाद ने ऐतिहासिक घटनाओं के साथ कोमल प्रसंगों द्वारा प्रेम और संघर्ष को एक मानवीय धरातल पर प्रतिष्ठित किया है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | जयशंकर प्रसाद का स्कंदगुप्त एक ऐतिहासिक नाटक है। नाटक की सभी मुख्य घटनाएँ और पात्र ऐतिहासिक हैं। प्रसाद ने ऐतिहासिक तथ्यों के साथ अपनी कल्पनाशीलता से कुछ पात्र और प्रसंग सर्जित किए हैं जिसके परिणाम स्वरूप स्कंदगुप्त नाटक इतिहास की शुष्क घटनाओं की सूची से ऊपर उठकर एक श्रेष्ठ साहित्यिक नाटक बन गया। कुछ स्त्री पात्रों की परिकल्पना में प्रसाद की कल्पनाशीलता के उदाहरण मिलते हैं। विजया का चरित्र इसका उदाहरण है। देवसेना और विजया के प्रसंगों द्वारा नाटक में गृहकलह, संघर्ष और षड़यंत्रों के बाह्य संघर्ष के साथ प्रेम में प्रतिस्पर्धा, ईर्ष्या आदि के अंतर्द्वंद्व की सृष्टि हुई है।<br>मालव धनकुबेर की कन्या, विजया के जीवन में सौंदर्य, शक्ति और वैभव का विशेष स्थान है। उसको केवल अपने धन की रक्षा का ध्यान है। उसकी सम्पदा पर यदि किसी की दृष्टि लगती है तो वह स्वार्थ-रक्षा के लिए किसी भी स्तर पर जा सकती है। जयमाला का कथन, 'तुमको केवल अपने धन की रक्षा का इतना ध्यान है', और देवसेना का कथन, 'और देश के मान का, स्त्रियों की प्रतिष्ठा का, बच्चों की रक्षा का कुछ नहीं', उसके चरित्र को परिभाषित करते हैं। वह क्षत्रियत्व की भावना और तेज को समझने में सर्वथा असमर्थ है। जयमाला के कथन, 'दुर्ग रक्षा का भार मैं लेती हूँ' से वह त्रस्त हो उठती है और तुरंत बंधुवर्मा को संबोधित कर कहती है, 'महाराज यह केवल वाचालता है। दुर्ग रक्षा का भार किसी सुयोग्य सेनापति पर होना चाहिए।' बाहर कोलाहल सुनकर वह घबड़ा जाती है और जयमाला से किसी सुरक्षित स्थान में चलने के लिए कहती है। छुरी लेने की बात सुनते ही उसके प्राण निकलने लगते हैं। देवसेना को युद्ध-काल में भी गाने का प्रस्ताव करते देख उसे आश्चर्य होता है, युद्ध और गान! वस्तुत: उसके जीवन में संगीत के लिए कोई स्थान नहीं, वह देवसेना की संगीतप्रियता को 'गाने का रोग' कहती है।<br>विजया के चरित्र की दुर्बलता का प्रधान कारण उसकी चंचलता है। उसमें दृढ़ता, स्थिरता और विवेक का अभाव है। प्रणय के क्षेत्र में अपनी चंचलता वश वह कभी स्कंदगुप्त, कभी भटार्क और कभी चक्रपालित की ओर आकर्षित होती है। स्कंदगुप्त की सुंदरता देख वह उसपर मोहित हुई, परंतु इस मोह में अनुराग की जगह महत्व की आकांक्षा थी। जब उसको पता चला कि स्कंदगुप्त अधिकार-सुख के प्रति उदासीन है तो वह समीप ही खड़े चक्रपालित को देखकर कहती है, 'प्रशस्त वक्ष है उदार मुखमण्डल है।' देवसेना उसकी प्रवृत्ति से पूरी तरह परिचित होने के कारण कहती है, 'और सबसे अच्छी बात कि तुम समझती हो कि वह महत्वाकांक्षी है।'<br>भटार्क में उसे दोनों विशेषताएँ एकसाथ मिल जाती हैं, 'अहा! कैसी वीरत्व व्यंजक मनोहर मूर्ति है और गुप्त साम्राज्य का महाबलाधिकृत!' वह भटार्क के साथ बंदी बनती है और न्यायाधिकरण में सबके सामने भटार्क को वरण करना स्वीकारती है। अनंतदेवी को भटार्क के निकट देख वह उसपर शक करती है और देवसेना को अपना प्रतिद्वंद्वी मानकर प्रपंचबुद्धि के साथ उसकी हत्या के षड़यंत्र की भागीदार बनती है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | भटार्क की मंडली में जाकर भी विजया को शांति नहीं मिलती। शर्वनाग की प्रेरणा से उसमें कुछ परिवर्तन आता है और वह स्वीकार करती है, 'सबको कल्याण के लिए कटिबद्ध होना चाहिए। जब वह अपना रत्नगृह देकर स्कंदगुप्त की महादेवी बनने की सोचती है, 'तो आज वही करूँगी, और इसमें दोनों होंगे - स्वार्थ और परमार्थ।' परंतु, स्कंदगुप्त का उत्तर, 'तुमसे यदि स्वर्ग भी मिले तो मैं उससे दूर रहना चाहता हूँ', विजया की बात सुनकर भटार्क उसको निर्लज्ज और दुश्चरित्र कहकर प्रताड़ित करता है। भटार्क से अपमानित और सब प्रकार से पराजित होकर वह आत्महत्या कर लेती है। इस प्रकार माननीय दुर्बलताओं - दंभ, अभिमान, लालसा, अविवेक और चंचलता का अंत होता है। विजया प्रसाद के नारी पात्रों में हीन प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करती है। प्रसाद की आदर्शवादी दृष्टि के अनुसार हीन प्रवृत्तियों का अंत अवश्य होता है और उसी के अनुसार होता है विजया का अंत! | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5 | **आधुनिक कहानी संग्रह: सम्पादक सरोजिनी शर्मा** | |
| 5(a) | आधुनिक हिंदी कहानीकारों में मेहरुन्निसा परवेज का विशिष्ट स्थान है। उनकी कहानियों का मुख्य विषय समाज में अभावग्रस्त और पीड़ित वर्ग की यातना को रेखांकित करना है। आपकी कहानियों का निश्चित उद्देश्य उनकी समस्याओं का सहानुभूतिपूर्ण चित्रण करना है। 'त्यौहार' कहानी में एक दरिद्र पर संस्कारी मुसलमान परिवार की विवशताओं की व्यथा का यथार्थ चित्रण है। यह एक ऐसे परिवार की कथा है जो एक समय संपन्न था पर मुख्य पात्र, अम्मा अपने पति और पुत्र की मृत्यु के बाद अभावग्रस्त होकर रोटी कपड़े जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रही है। अपने खानदानी घर की इज्जत समेटे हुए अम्मा अपनी बहू और पोती शानो के साथ समय व्यतीत कर रही है। शानो के पास मन बहलाने और खेलने के लिए एक बिल्ली और उसके नये पैदा हुए बच्चे हैं। स्वयं अभाव में रहते हुए भी अम्मा को शानो को पढ़ा लिखा कर योग्य बनाने की चिंता है। पर शानो को सुबह उठकर अपनी भूख शांत करने की चिंता है, 'पेट भरा होगा तब तो जनाब जी की मार सह पाएगी।' उसका टाट के टुकड़े पर बैठ कर बासी खाना खाने का वर्णन गरीबी का करुण चित्रांकन है। मोहल्ले की चलती-फिरती खाला जानती है कि 'हम गरीबों का तो हर दिन रोजा है।' ऐसे में आने वाले त्यौहार की सूचना उसको नयी चिंता से भर देती है। 'इतनी जल्दी ईद आ रही है। ये त्यौहार भी कितनी जल्दी-जल्दी आ जाते हैं' में लेखिका अम्मा की आंतरिक व्यथा को शब्द देती हैं। त्यौहार तो अमीरों के लिए होते हैं। अम्मा को तो ईद शब्द ही डरावना लगता है। किसी तरह अपनी इज्जत समेट कर घरेलू दवाई बनाकर बेचने से गुजारा करने वाली अम्मा के जीवन में त्यौहार एक दुश्चिंता का कारण भर है। अम्मा की एकमात्र पूँजी उसका आत्मसम्मान है जिसकी रक्षा करने के लिए वह दूर के रिश्ते के भाई के लड़के, जीया के आने पर अपनी गरीबी छिपाती है। पर त्यौहार के आने पर वह अपनी शानो के लिए एक नये कपड़े तक की जुगाड़ नहीं कर सकती। शानो को बुनकी वाले साटन के गरारे की जिद है। उसकी सारी सहेलियों के कपड़े सिल चुके हैं, वह अम्मा से पूछती है हमारे कपड़े क्यों नहीं आए। अम्मा के चेहरे की लकीरें चिड़चिड़ाहट में बदल जाती हैं। अम्मा का दर्द यह कि घर पर कुर्की का नोटिस आ चुका है शानो नये कपड़ों के लिए तंग कर रही है। अपनी पुरानी साड़ी को काटकर शानो के लिए फ्राक सिलाई करने जा रही थी तभी मुंगेर से जीया भाई का पार्सल और उसमें पीले फूलों वाला साटन का कपड़ा देखकर शानो खुशी से फूल उठी पर अम्मा को लगा जैसे किसी ने उसकी गरीबी का परदाफ़ाश कर दिया है। खाला के बैग में वही पीले फूलों वाला साटन का कपड़ा बताता है कि जीया भाई ने अम्मा को ईद के समय गरीबों को बाँटने वाली जकात भेजी है। उनकी गरीबी का जैसे ऐलान कर दिया गया। मेहरुन्निसा ने ईद के त्यौहार से एक आत्मसम्मानी स्त्री के अभाव भरे जीवन पर से पर्दा हटाने की कथा का मार्मिक और सहानुभूतिपूर्ण चित्रण किया है। मुसलमान परिवार के रीति-रिवाज और संस्कारों के प्रामाणिक परिवेश में लिखी 'त्यौहार' एक श्रेष्ठ कहानी है। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | उषा प्रियंवदा एक संवेदनशील कथाकार हैं। उनकी कहानियाँ जीवन के अनुभव से लिखी गई होने के कारण सहज और मर्मस्पर्शी बन पड़ी हैं। 'वापसी' कहानी वर्तमान युग में बिखरते मध्यवर्गीय परिवार के जीवन-मूल्यों के विघटन के यथार्थ को चित्रित करती है।<br><br>गजाधर बाबू 35 वर्षों तक परिवार का भरण-पोषण करने के लिए रेलवे की नौकरी करने के बाद सेवा-निवृत्त होने पर चैन का जीवन बिताने के सपने देखकर घर जाते हैं। नौकरी करते समय उन्होंने अधिकांश समय अकेले ही बिताया था, उन अकेले क्षणों में वे अवकाश प्राप्ति के बाद परिवार के साथ समय बिताने की कल्पना किया करते थे। छुट्टियों में घर जाने पर उन्होंने अनुभव किया था कि उनकी पत्नी और बच्चे उनका कितना सम्मान और सेवा करते हैं। पर अवकाश प्राप्ति के बाद घर लौटने पर सब कुछ बदला हुआ प्रतीत होता है। परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने तरीके से जी रहे हैं। बड़ा बेटा घर का मालिक बना हुआ है, बेटी और बहू घर के काम में हाथ नहीं बटाती हैं और पत्नी सारा दिन कोल्हू के बैल की तरह काम में लगी रहती है। गजाधर बाबू के कहने पर बहू ने खाना बनाया तो जानबूझ कर अधिक राशन खर्च करके ऐसा खाना बनाया कि किसी से नहीं खाया गया। उनके लौटने से जैसे सबके जीवन में व्यवधान आ गया। बेटा, बहू, बेटी सभी उनसे कटते हैं और पत्नी घर-गृहस्थी में व्यस्त रहती है। उन्हें सबसे अधिक निराशा अपनी पत्नी से होती है जो उनकी भावना को समझने के बजाय उन्हें बच्चों के मामले में हस्तक्षेप न करने को कहकर स्वयं घर के काम में ही संतुष्ट है। स्वभाव से स्नेही और स्नेह के आकांक्षी गदाधर बाबू के लिए यह उपेक्षा सहन करना कठिन था। जीवन भर अकेले रहकर नौकरी करने वाले गजाधर बाबू स्वयं को अपने ही घर में लौटने पर स्वयं को नितांत अकेला पाते हैं।<br><br>छोटे से घर में उनकी अनुपस्थिति में ऐसी व्यवस्था हो चुकी थी कि उनके लिए कोई स्थान न बचा था। बैठक में कुर्सियों को दीवार से सटाकर गजाधर बाबू के लिए एक चारपाई डाल दी गई थी। बेटा और बहू अलग होने की सोचने लगे क्योंकि बैठक में तो हर समय बाबू जी बैठे रहते हैं, किसी आने-जाने वाले को कहाँ बैठाया जाए? अगले दिन उनसे बिना पूछे उनकी चारपाई अचार, रजाइयों और कनस्तरों के बीच कोठरी में बिछा दी गई ताकि बैठक में अमर के दोस्त मिलने आ सकें। गजाधर बाबू को अपना बड़ा सा खुला हुआ क्वाटर याद आ गया। गजाधर बाबू की संवेदना की मार्मिक अभिव्यक्ति, 'उन्हें लगा कि वे ज़िंदगी द्वारा ठगे गए हैं' द्वारा की गई है। उन्होंने अनुभव किया कि वे परिवार के लिए धनोपार्जन के निमित्त भर हैं। अब जब वे अवकाश प्राप्त हैं उनकी उपस्थिति इस घर में उसी प्रकार असंगत है जैसे सजी हुई बैठक में बिछी उनकी चारपाई थी। | **25** |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | चैन से परिवार के साथ ज़िंदगी बिताने का स्वप्न भंग होने पर गजाधर बाबू का दूसरी नौकरी खोज कर घर से चले जाने पर कहानी की चरम परिणति तब होती है जब उनकी पत्नी भी परिवार का दायित्व संभालने के बहाने उनके साथ चलने से इंकार कर देती है।<br><br>'दुर्घटना' कहानी एक ओर पुरानी परंपराओं से जुड़ी हुई है और दूसरी ओर पारिवारिक अंत:सूत्रों से कटी हुई तथाकथित आधुनिकता से संबद्ध वैभव- सम्पन्न ज़िंदगी का चित्रण है। इन दोनों के आपसी टकराव के फलस्वरूप संबंधों के खोखलेपन के संवेदनशील चित्रण ने कहानी को अत्यंत मर्मस्पर्शी बना दिया है।\|<br><br>कहानी की कथावस्तु एक संक्षिप्त घटना पर आधारित है जिसके सहारे एक महत् सामाजिक दुर्घटना का मार्मिक चित्रण है। सड़क पर चलते हुए एक गाड़ी के नीचे आकर बाबूजी मर गए। संक्षिप्त सी क्रिया हुई, मृणाल पाण्डे ने अपनी सशक्त लेखनी से मर्मस्पर्शी चित्रण किया है। कहानी के प्रारंभिक वाक्य, 'वह बड़ी सी गाड़ी एक मर्द और एक औरत के जोड़े को लेकर कहीं से आ रही थी कि बाबूजी सामने पड़ गए। रात का समय था। गाड़ी तेज़ी से आरही थी, कुचलती हुई चली गई। बाबूजी मर गए' पूरी दर्दनाक घटना को चंद छोट-छोटे वाक्यों में समेट देते हैं। वक्त नहीं था कि बड़े भाई और अन्य परिचितों को खबर की जाती। अंतिम क्रिया के बाद में सबको फोन पर खबर देने पर बड़े भैया ने केवल बाबूजी के सामान को सलटाने की बात की। बाबूजी के सामान में से उनकी रुचि उनकी याद को संजोने वाली चीजों में नहीं बल्कि पुरानी मूर्ति या ताम्रपत्र में है। पिता की आकस्मिक मृत्यु पर बड़े भैया के पास दुख के दो शब्द तक न व्यक्त कर पाना पाठक की संवेदना को आघात पँहुचाता है।<br><br>चलचित्र की सजीवता की तरह अतीत की स्मृतियाँ एक-एक करके जीवंत होती जाती हैं। बड़े भैया का बचपन, माँ का उनके लिए उज्ज्वल भविष्य की आकांक्षा से गाँव छोड़कर जाना, उच्च अध्ययन के लिए बड़े भैया का विदेश जाकर मनपसंद लड़की से विवाह करके अलग रहना और अंत में भाभी की गाड़ी के नीचे आकर अपने बाबूजी की मृत्यु की घटना को जैसे कथावाचक दैनिक अख़बार के पत्रकार की सी तटस्थता से वर्णित करता है। कहानी का अंत आधुनिक वैभवशाली मनोवृत्ति के खोखलेपन को रेखांकित करता है। कथावाचक जब भाभी को पिता की मृत्यु की सूचना देने उनके घर जाता है तो भाभी पहले तो देवर को पहचान नहीं पाती है और बाबूजी के उनकी गाड़ी के नीचे आकर मर जाने की सूचना पर उसका पहला प्रश्न, 'क्या पिए हुए थे ज़्यादा? और फिर यह जानने पर कि वे उसी की गाड़ी के नीचे आकर मर गए, औपचारिक रूप से ख़ेद प्रकट करके 'भला उतनी रात बिना पारपथ के, चलती सड़क उन्होंने हरी बत्ती पर कैसे पार की? वेरी इररिस्पॉसिबल!' कहकर दुर्घटना के लिए उन्हीं को उत्तरदायी करार कर देती है। बाबूजी की जान से अधिक | |

| Question | Answer | Marks |
| --- | --- | --- |
| 5(b) | चिंता उसे अपनी गाड़ी के मडगार्ड के पिचक जाने की है। कथावाचक की प्रतिक्रिया, ‘संभव है कि यह मेरे भाई की बीबी नहीं है, संभव है कि मैं ही अपने भाई का भाई नहीं हूँ! या अपने बाप की औलाद’, देवर भाभी के बीच आंतरिकता का नितांत अभाव और इतने बड़े हादसे से अपने ससुर की मृत्यु की सूचना से नितांत असंपृक्त रहना पारिवारिक सम्बंधों के विघटन को रेखांकित करता है। तथाकथित आधुनिकता और वैभव का मुलम्मा चढ़ने पर पारिवारिक सम्बन्ध फीके पड़ सकते हैं। आधुनिकता ने मानवीय मूल्यों और संवेदना को किस तरह से चकनाचूर कर दिया है, 'दुर्घटना' कहानी इसका एक मार्मिक दस्तावेज़ और सड़क पर हुई दुर्घटना से भी कहीं बड़ी और दु:खद दुर्घटना है।<br>उषा प्रियंवदा ने व्यक्ति की उपादेयता को अर्थोपार्जन की क्षमता पर आश्रित होने के कटु यथार्थ को ‘वापसी’ कहानी में अत्यंत मार्मिक रूप से चित्रित किया है। अवकाश-प्राप्त व्यक्ति का अवमूल्यन एक सामाजिक त्रासदी है - कहानी की यह मूल संवेदना गहरा प्रभाव निष्पन्न करती है।<br>**मृ**णाल पाण्डे ने आधुनिकता और वैभव के भीतर से मानवीय संवेदना और जीवनमूल्यों के विघटन को अत्यंत कुशलता से प्रस्तुत किया है। कहानी का कथ्य मर्मस्पर्शी और शिल्प सुघटित है। ‘दुर्घटना’ कहानी एक ओर पुरानी पारिवारिक पारम्पराओं और संस्कारों की मानसिकता से जुड़ी हुई है और दूसरी ओर पारिवारिक अंत:सूत्रों से कटी हुई तथाकथित आधुनिकता से संबद्ध वैभव-संपन्न ज़िंदगी के ताने-बाने से बुनी गई है। इन दोनों में जब टकराव हो तो ‘दुर्घटना’ तो अवश्यंभावी है। मृणाल पाण्डे ने इस सामाजिक त्रासदी को इस कहानी में सशक्त रूप से चित्रित किया है।<br>दोनों कहनियाँ सामाजिक संबंधों की विषमता पर यथार्थवादी दृष्टि से टिप्पणी करती हैं। दोनों कहानीकारों का उद्देश्य आधुनिक समाज में जीवन मूल्यों के पतन को रेखांकित करना है। उषा प्रियंवदा ने अवकाश प्राप्त व्यक्ति के प्रति उसके परिवार की उपेक्षा के द्वारा और मृणाल पाण्डे ने वृद्ध पिता के प्रति बड़े बेटे और बहू के अनादर और तिरस्कार भाव द्वारा तथाकथित आधुनिक समाज की एक चिंतनीय समस्या का चित्रण किया है जिसमें व्यक्ति का मूल्य उसकी आर्थिक क्षमता से आँका जाता है। शिल्प की दृष्टि से दोनों ही कहनियाँ अत्यंत सुगठित और गहरा प्रभाव निष्पन्न करने में सक्षम हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि दो अत्यंत वरिष्ठ लेखिकाओं ने समाज में संबंधों के अवमूल्यन की गंभीर समस्या को उजागर किया है। | |

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6 | **मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ: संपादक: अभिमन्यु अनत** | |
| 6(a) | 'टूटा पहिया' अभिमन्यु अनत की एक विशिष्ट कहानी है। लेखक ने स्वतंत्रता के दस वर्षों में आये आधुनिक-करण के जोश में जीवन मूल्यों के अवमूल्यन को भयवा यूसुफ नाम के तांगा चालक की कहानी के माध्यम से चित्रित किया है। स्वतंत्रता के बाद के दस साल उसकी अपनी ज़िंदगी के पहले साठ सालों से भी लम्बे थे। जन साधारण ने देश की स्वाधीनता से जो बड़ी-बड़ी आशाएँ बाँध रखी थीं, दस सालों में उन्हें निराशा ही हाथ लगी। भयवा यूसुफ की कहानी से लेखक ने स्वतंत्रता के बाद आये परिवर्तन का मूल्यांकन किया है। उसकी जीविका का आधार तांगा जब सड़क से बंद कर दिया जाता है तो वह अपना प्रतिरोध भत्ते की राशि को अस्पताल के नाम दान कर व्यक्त करता है। स्वतंत्रता समारोह में प्रसिद्ध गायिका के आने की सूचना से उत्साहित होकर मण्डप में पहुँचने पर भी उसे निराशा ही मिलती है। लौटते समय पर्यटन विभाग की नुमाइशी लॉरी पर हवाई जहाज की अगवानी करते हुए तांगे को देखकर उसका हृदय काँप उठता है। देश की आज़ादी पर सबसे बड़ा व्यंग्य यह है कि जिस तांगे को सरकार ने शहर से निष्काषित कर कोचवानों की जीविका का हरण किया, वही तांगा जश्न के जुलूस में सबसे आगे है। देश की इस तथाकथित प्रगति में ना जाने कितने तांगेवालों की रोजी-रोटी छिन गई। नगर-पालिका के निर्णय का शिकार भयवा यूसुफ अकेला नहीं है। कहानी का शीर्षक प्रगति के टूटे पहिये का प्रतीक है। स्वाधीनता के बाद के इस मोहभंग को अभिमन्यु अनत ने अपनी सक्षम शैली में वर्णित किया है जो पाठक की संवेदना को स्पर्श करती है। कहानी के अंत में हताश भयवा यूसुफ का धरती पर बैठे रहना उसके मोहभंग की करुण छवि बन कर पाठक की चेतना को झकझोर कर देश की तथाकथित प्रगति पर एक प्रश्न-चिन्ह बन जाता है। अभिमन्यु अनत के शब्दों में इस कहानी का उद्देश्य, ' मॉरिशसीय जन-जीवन के साहस और संघर्ष को रेखांकित करके उसके विघटन और टूटन का ईमानदारी से संकेत करना है।' | **25** |

© Cambridge University Press & Assessment 2024

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6(b) | 'चाहे अनचाहे' कहानी में जय जीऊत ने यथार्थवादी दृष्टि से मध्यवर्गीय परिवार के संदर्भ में एक नवविवाहित युवक के आंतरिक द्वंद्व का कुशलता पूर्वक चित्रण किया है। एक नई बहू के आगमन से परिवार के परम्परागत आचरण और व्यवस्था में हलचल मच जाती है। नई बहू के लिए संयुक्त परिवार के रहन सहन के साथ सामंजस्य करने में होने वाली कठिनाइयों को लेखक ने दैनिक जीवन की सामान्य घटनाओं द्वारा चित्रित किया है। कहानी कथानायक की दृष्टि से लिखी गई है। वह भाई-भाभी के परम्परागत विचारों और पत्नी के आधुनिक विचारों के संघर्ष में मन ही मन पत्नी से सहमत होते हुए भी परिवार में शांति बनाये रखने के लिए उसे ही समझौता करने को विवश तो करता है, पर साथ ही उसे अपने अनुचित व्यवहार पर ग्लानि होती है। पत्नी साड़ी पहने या गाउन जैसी समस्या से पारिवारिक अशांति की आशंका और पत्नी को अतिशय छूट देने के आरोप से बचने के लिए वह उसे साड़ी पहनने को बाध्य करता है और फिर स्वयं आत्मग्लानि और शर्मिंदगी से पीड़ित होकर सोचता है, 'अपने परिवारों के बहकावे में आकर मैंने एक ऐसी बात का समर्थन या पोषण किया है जिसकी कोई सार्थकता, कोई आधार नही है।' भाई-भाभी ने माँ के देहांत के बाद उसे किसी तरह की कमी नही अनुभव करने दी। उनके प्रति कृतज्ञता की भावना के कारण उनकी परम्परावादी विचारधारा का पालन करने के लिए पत्नी के आत्मसम्मान की भावना को ठेस पहुचाने का अपराध बोध उसे हर समय मानसिक कष्ट देता है। उसे प्रतिदिन आफिस से घर जाते समय किसी नई समस्या की संभावना आशंकित करती है। आफिस से छुट्टी होने पर उसे घर जाने की कोई जल्दी नही लगती। ऐसे में उसका वैवाहिक जीवन विषाक्त हो जाता है। रसोई घर में भैया के दुर्व्यवहार की घटना के बाद उसकी सहन सीमा का अतिरेक और अलगोझे की स्थिति का समाधान लेखक ने सकारात्मक रूप से किया है। कहानी के अंत में अपनी भूल स्वीकार करके भैया द्वारा क्षमा याचना करने पर मीनू के कथन, 'बर्तन साथ रहेंगे तो टकरायेंगे ही, पर इससे सम्बंध टूट तो नही जाता।' द्वारा लेखक ने नायक के संघर्ष का समाधान किया है\|<br>कहानी में बोलचाल की भाषा का प्रवाह है जो नायक की मानसिक ऊहापोह को सशक्त अभिव्यक्ति देकर उसे एक यथार्थवादी धरातल पर स्थापित करता है। जीवन की साधारण दिनचर्या के माध्यम से लेखक ने परम्परा और आधुनिकता के टकराव से जूझते नायक के अंतर्द्वंद्व को सफलता पूर्वक चित्रित किया है। | **25** |